रजिस्ट्री सं. डी. एल.-33 4/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1170] नई दिल्ली, बुधवार, अक्तूबर 4, 2006/आश्विन 12, 1928
No. 1170] NEW DELHI, WEDNESDAY, OCTOBER 4, 2006/ASVINA 12, 1928

विधि एवं न्याय मंत्रालय
(विधायी विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 अक्तूबर, 2006

का.आ. 1697 अ).—राष्ट्रपति द्वारा किया गया निम्नलिखित आदेश सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है :-

आदेश

श्री जे. एन. शु ा, संपादक, आखिर कब तक, लखनऊ द्वारा राष्ट्रपति को संविधान के अनुच्छेद 103 के खंड (1) के अधीन श्री अमर सिंह, आसीन संस सदस्य (राज्य सभा) की अभिकथित निरर्हता के संबंध में तारीख 14 फरवरी, 2006 की एक याचिका प्रस्तुत की गई है;

और उक्त याचि यह प्रकथन किया है कि श्री अमर सिंह को उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास विभाग के एक आदेश द्वारा उत्तर प्रदेश विकास परिष के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था, जो संविधान के अनुच्छेद 102 के खंड (1) के उपखंड (क) के अर्थान्तर्गत अभिकथित रू से लाभ का पद है;

और राष्ट्रपति द्व संविधान के अनुच्छेद 103 के खंड (2) के अधीन तारीख 28 फरवरी, 2006 के एक निर्देश के अधीन इस प्रश्न के संबंध में निर्वाचन आयोग राय मांगी गई है कि क्या श्री अमर सिंह संविधान के अनुच्छेद 102 के खंड (1) के उपखंड (क) के अधीन संसद् सदस्य (राज्य सभा) होने लिए निरर्हता के अध्यधीन हो गए हैं;

और निर्वाचन ोग ने अपनी राय (उपाबंध द्वारा) दे दी है कि वर्तमान याचिका में उठाया गया श्री अमर सिंह की अभिकथित निरर्हता का प्रश्न अब निरर्थक हो है क्योंकि अभिकथित निरर्हता, यदि कोई थी, संसद् (निरर्हता निवारण) संशोधन अधिनियम, 2006 (2006 का 31) के कारण भूतलक्षी प्रभाव हट गई है;

अत:, अब, मैं ा.प.जे. अब्दुल कलाम, भारत का राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 103 के खंड (1) के अधीन मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह नेश्चय करता हूं कि श्री अमर सिंह, उत्तर प्रदेश विकास परिषद् के अध्यक्ष के पद पर उनकी नियुक्ति के कारण जैसा कि याचिका में अभिकथ किया गया है, संसद् सदस्य (राज्य सभा) होने के लिए किसी निरर्हता के अध्यधीन नहीं हैं।

भारत का राष्ट्रपति

27 सितम्बर, 2 6

[फा. सं. एच. 11026 (21)/2006-वि. II]

डॉ. ब्रह्म अवतार अग्रवाल, अपर सचिव

उपाबंध

निर्देश :

संविधान के अनुच्छेद 102(1)(क) के अधीन संसद् सदस्य श्री अमर सिंह की अभिकथित निरर्हता ।

2006 का निर्देश मामला सं. 2

[संविधान के अनुच्छेद 103(2) के अधीन राष्ट्रपति से निर्देश]

राय

यह भारत के राष्ट्रपति से संविधान के अनुच्छेद 103(2) के अधीन तारीख 28 फरवरी, 2006 का एक निर्देश है, जिसमें इस प्रश्न पर निर्वाचन आयोग की राय मांगी गई है कि क्या श्री अमर सिंह संविधान के अनुच्छेद 102(1) (क) के अधीन राज्य सभा के सदस्य होने के लिए निरर्हित हो गए हैं ।

2. ऊपर उल्लिखित निर्देश, श्री जे.एन. शुक्ला, संपादक, आखिर कब तक, लखनऊ की तारीख 14-02-06 की एक याचिका से उद्भूत हुआ है, जिसमें यह अभिकथन किया गया है कि श्री अमर सिंह (प्रत्यर्थी) को उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास विभाग द्वारा जारी किए गए तारीख 15-10-2003 के एक कार्यालय आदेश द्वारा उत्तर प्रदेश विकास परिषद् (संक्षेप में यूपीडीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। याची ने यह कथन किया कि उक्त आदेश में यह उपबंध था कि प्रत्यर्थी को मंत्री की हैसियत होगी और वह उत्तर प्रदेश सरकार के गोपनीय अनुभाग के तारीख 22 मार्च, 1991 के कार्यालय आदेश संख्यांक 14-1-4687 सीएक्स (1) के अनुसार सभी परिलब्धियों और विशेषाधिकारों का हकदार होगा । याची ने यह दलील दी कि यूपीडीसी के अध्यक्ष का पद उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन एक पद है और वह संविधान के अनुच्छेद 102(1)(क) के अर्थान्तर्गत एक लाभ का पद है, और इसलिए प्रत्यर्थी ने राज्य सभा का सदस्य होने के लिए निरर्हता उपगत की थी ।

3. आयोग ने 10-3-2006 को प्रत्यर्थी को एक सूचना जारी की, जिसमें उससे 31-3-06 तक इस मामले में अपना उत्तर फाइल करने के लिए कहा गया था । 31-3-2006 को, प्रत्यर्थी ने अपने काउंसेल के माध्यम से एक संक्षिप्त उत्तर फाइल किया जिसमें यह कथन किया गया कि याचिका भ्रामक है । प्रत्यर्थी ने इस आधार पर कि वह उत्तर प्रदेश सरकार से कतिपय सूचना और दस्तावेज मांग रहा था, ब्यौरेवार उत्तर फाइल करने के लिए छह सप्ताह का और समय मांगा । आयोग ने अभ्यर्थी को और उत्तर फाइल करने के लिए 24-04-2006 तक का समय दिया था। 24-04-2006 को प्रत्यर्थी ने इस आधार पर कि वह अभी भी और सूचना एकत्रित करने के लिए कार्यवाही कर रहा था, अपना उत्तर फाइल करने के लिए और समय बढ़ाए जाने की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया । इसके साथ ही, प्रत्यर्थी ने एक अन्य संक्षिप्त उत्तर फाइल किया जिसमें अन्य बातों के साथ, यह कथन किया गया था कि उसे प्रदान किया गया संघ मंत्री का रैंक केवल सम्मान के लिए हैसियत थी और वह किसी धनीय फायदे के लिए नहीं था । उसने यह और कथन किया कि उसने यूपीडीसी के अध्यक्ष के पद के लिए कोई संदाय या भत्ते कभी भी नहीं लिए। आयोग ने समय के और विस्तारण के अनुरोध पर विचार किया और अंतिम अवसर के रूप में 25-05-2006 तक का समय अनुज्ञात कर दिया। तथापि, प्रत्यर्थी द्वारा कोई और उत्तर फाइल नहीं किया गया । तब आयोग ने 16-06-2006 के लिए इस मामले की सुनवाई नियत की । सुनवाई से पूर्व आयोग को 9 जून, 2006 को एक तारीख 20 मई, 2006 का एक पत्र प्राप्त हुआ था, जो याची द्वारा हस्ताक्षर किया गया तात्पर्यित था और जिसमें यह कथन किया गया था कि उत्तर प्रदेश विकास परिषद् अधिनियम, 2006 के कारण यूपीडीसी एक स्थानीय निकाय बन गया था और इस कारण कोई निरर्हता नहीं होगी और इसलिए वह अपनी याचिका वापस ले रहा है । याची 16-06-06 को सुनवाई के लिए उपसंजात नहीं हुआ । श्री प्रदीप कुमार, विद्वान काउंसेल प्रत्यर्थी की ओर से उपसंजात हुए किंतु उन्होंने एक ब्यौरेवार उत्तर फाइल करने के लिए और समय दिए जाने का अनुरोध किया और सुनवाई स्थगित किए जाने की मांग की । उन्होंने यह भी कथन किया कि उन्हें, याचिका वापस लेने का अनुरोध करने वाले याची के अंतिम आवेदन पर विचार करने के लिए समय की आवश्यकता है । आयोग ने सुनवाई 5-7-2006 तक स्थगित कर दी ।

4. तारीख 12-06-06 को श्री अमर सिंह द्वारा एक आवेदन फाइल किया गया था, जिसके साथ उत्तर प्रदेश विकास परिषद् अधिनियम, 2006 की एक प्रति संलग्न की गई थी । उक्त अधिनियम की धारा 3(3) के अनुसार, यूपीडीसी को सभी प्रयोजनों के लिए एक स्थानीय निकाय माना जाएगा । प्रत्यर्थी ने इस उपबंध का उल्लेख करते हुए यह दलील दी कि चूंकि प्रश्नगत पद स्थानीय निकाय का पद था इसलिए अनुच्छेद 102(1)(क) के अधीन कोई निरर्हता उपगत नहीं हुई थी ।

5. तारीख 5-07-06 की सुनवाई में याची भी उपसंजात हुआ और उसने इस बात से इंकार किया कि उसने अपनी याचिका को वापस लेने के लिए तात्पर्यित तारीख 20-5-2006 का ऊपर निर्दिष्ट पत्र लिखा था । उसने अपनी इस दलील को दोहराया कि प्रत्यर्थी द्वारा धारित पद उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन लाभ का पद था और प्रत्यर्थी को निरर्हित घोषित किया जाना चाहिए । प्रत्यर्थी के लिए उपसंजात हुए विद्वान काउंसेल श्री प्रदीप कुमार ने यू.पी. विकास परिषद अधिनियम, 2006 का और उसमें अंतर्विष्ट इन उपबंधों का अवलंब लिया कि यू.पी. विकास परिषद् एक स्थानीय निकाय है और परिषद् के अध्यक्ष का पद एक अवैतनिक पद है । उसने यह दलील दी कि चूंकि उक्त अधिनियम को 15-10-2003 से, जिस तारीख को श्री अमर सिंह को यूपीडीसी के अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया था, भूतलक्षी प्रभाव देते हुए प्रवृत्त किया गया था इसलिए उक्त पद धारण करने के कारण प्रत्यर्थी द्वारा कोई निरर्हता उपगत नहीं की गई थी ।

6. आयोग ने ोडीसी के एक स्थानीय निकाय और उसके अध्यक्ष के पद को एक अवैतनिक पद होने से संबंधित दलीलों को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनि के प्रभाव की समीक्षा करने के लिए तारीख 27-7-2006 के पत्र द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार से यह सूचना प्रस्तुत करने के लिए कहा कि क्या श्र अमर सिंह ने उ.प्र. विकास परिषद् अधिनियम, 2006 के अधिनियमन से पूर्व यूपीडीसी के अध्यक्ष के रूप में कोई पारिश्रमिक/प्रसुविधाएं प्रा की थीं। राज्य सरकार से लगभग दो सप्ताह तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ था इसलिए आयोग ने तारीख 11-8-2006 को उन्हें पुन: एक पत्र लिख जिसमें उनसे 25-8-2006 तक निश्चित रूप से अपेक्षित सूचना प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था। राज्य सरकार ने 24-8-2006 को एक र प्रस्तुत किया, जिसमें यह कथन किया गया था कि प्रत्यर्थी को किसी मानदेय या भत्ते का संदाय नहीं किया गया था और उसे उ.प्र. विकास प द् के अध्यक्ष के रूप में कोई अन्य प्रसुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई थीं।

7. इसी दौरान 959 के मूल अधिनियम का संशोधन करने के लिए संसद (निरर्हता निवारण) संशोधन अधिनियम, 2006 संसद् द्वारा अधिनियमित किया गया उसे राष्ट्रपति की अनुमति के पश्चात् 18-8-2006 को अधिसूचित किया गया। इस संशोधन अधिनियम की एक प्रति 21-8-2006 को वि और न्याय मंत्रालय से प्राप्त हुई थी। संशोधन अधिनियम द्वारा, अन्य पदों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश विकास परिषद् के अध्यक्ष के पद को मूल धिनियम की धारा 3 (ट) के अधीन एक ऐसे पद के रूप में घोषित किया गया है, जिसका धारक संसद् सदस्य चुने जाने के लिए और सदस्य ने के लिए निरर्हित नहीं होगा। मूल अधिनियम के इस संशोधन को 4 अप्रैल, 1959 से भूतलक्षी प्रभाव देते हुए प्रवृत्त किया गया है।

8. 2006 के र उल्लिखित संशोधन अधिनियम का वर्तमान निर्देश मामले से सीधा संबंध है। जैसाकि ऊपर उल्लेख किया गया है। 1959 के मूल अधि ाम की धारा 3 के खंड (ट) के उपबंधों को 4-4-1959 से प्रवृत्त किया गया है। यह सुस्थापित स्थिति है कि अनुच्छेद 102(1)(क) अधीन, संसद् भूतलक्षी प्रभाव से किसी भी पद को ऐसे पद के रूप में घोषित करने के लिए सशक्त है, जिसका धारक निरर्हित नहीं होगा श्रीमती कान्ता कथूरिया बनाम एम. मानक चंद सुराना [1970(2)एस सी आर 838] में उच्चतम न्यायालय का निर्णय इस सांविधानिक ति को मान्य ठहराता है। पूर्व में भी, आयोग ने विधान मंडलों द्वारा भूतलक्षी प्रभाव से पारित ऐसी ही विधियों का संज्ञान किया है जब, संब त निर्देशों के संबंध में जांच चल रही थी। श्री गया लाल और हरियाणा विधान सभा के 23 अन्य सदस्यों की अभिकथित निरर्हता से स धत निर्देश मामले (1980 का 4) में, आयोग के समक्ष निर्देश के लंबित रहने के दौरान हरियाणा विधान सभा ने हरियाणा विधान सभा (नि र्हता निवारण) अधिनियम, 1974 का दो बार संशोधन कर दिया, जिसके कारण उक्त विधान सभा सदस्यों द्वारा धारित पदों को छूट प्राप्त वर्गों के अंतर्गत लाया गया था। उस मामले में, आयोग ने अपनी तारीख 21-5-1981 की राय में यह मत व्यक्त किया कि निरर्हताएं, यदि ोई हों, उनके मामलों में हट गई हैं और निर्देश निरर्थक हो गया है। इसी प्रकार, श्री मोहम्मद आजम खान की उत्तर प्रदेश विधान सभा क सदस्यता के लिए अभिकथित निरर्हता से संबंधित निर्देश मामला [2005 का 2(जी)] में, राज्य विधान मंडल ने आयोग के समक्ष कार्यवा ां लंबित रहने के दौरान, उत्तर प्रदेश विधान सभा (निरर्हता निवारण) अधिनियम, 1971 में एक संशोधन पारित किया। उस मामले में भी आयोग ने अपनी इस आशय की राय दी थी कि निरर्हता, यदि कोई हो, विधि के संशोधित उपबंधों के आधार पर हट गई है। पुन:, हाल ही एक अन्य मामले [2006 का निर्देश मामला संख्या 65(जी) से 70(जी)] में मणिपुर के 6 विधान सभा सदस्यों की अभिकथित निरर्हता स संबंधित श्री वाई. मांगी सिंह की याचिका पर आयोग ने, संबंधित पदों को निरर्हता से छूट प्रदान करने वाले, मणिपुर राज्य विधान मंडल द्वारा प त संशोधन अधिनियम को ध्यान में रखते हुए यह राय दी कि निर्देश निरर्थक हो गया है। वर्तमान मामला भी तथ्यों और परिस्थितियों में ऊप र्दिष्ट मामलों के समान ही है और उ.प्र. विकास परिषद् के अध्यक्ष के पद के संबंध में निरर्हता, यदि कोई थी, को हटाने वाली विधि के शोधित उपबंध पूर्ण रूपेण इस मामले को लागू होते हैं।

9. उपर्युक्त सा धानिक, विधिक और ताथ्यिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए, आयोग का सुविचारित मत है कि वर्तमान याचिका में उठाया गया श्री अमर सिंह ी अभिकथित निरर्हता का प्रश्न अब निरर्थक हो गया है क्योंकि अभिकथित निरर्हता, यदि कोई थी, संसद् (निरर्हता निवारण) संशोधन अधिनि , 2006 के कारण भूतलक्षी प्रभाव से हट गई है। तदनुसार राष्ट्रपति से प्राप्त निर्देश को संविधान के अनुच्छेद 103 (2) के अधीन भारत निव न आयोग की इस आशय की राय के साथ राष्ट्रपति को वापस भेजा जाता है कि श्री अमर सिंह, उनकी उत्तर प्रदेश विकास परिषद् के अध्यक्ष : पद पर नियुक्ति के कारण अनुच्छेद 102(1)(क) के अंतर्गत किसी निरर्हता के अध्यधीन नहीं है।

ह.-
(एस. व कुरेशी)
निर्वाचन ायुक्त

ह./-
(एन. गोपालस्वामी)
मुख्य निर्वाचन आयुक्त

ह./-
(नवीन बी. चावला)
निर्वाचन आयुक्त

स्थान : नई दिल्ली
तारीख : 8 सितम्बर, 2 06

MINISTRY OF LAW AND JUSTICE

(Legislative Department)

NOTIFICATION

New Delhi, the 4th October, 2006

S.O. 1697(E).—The following Order made by the President is published for general information :—

ORDER

Whereas, a petition dated the 14th February, 2006 of alleged disqualification of Shri Amar Singh, a sitting Member of Parliament (Rajya Sabha) under clause (1) of article 103 of the Constitution has been submitted to the President by Shri J.N. Shukla, Editor, Aakhir Kab Tak, Lucknow;

And, whereas, the said petitioner has averred that Shri Amar Singh was appointed as Chairman of the Uttar Pradesh Development Council by an order of the Industrial Development Department of the Government of Uttar Pradesh, which is alleged to be an office of profit within the meaning of sub-clause (a) of Clause (1) of article 102 of the Constitution;

And, whereas, the opinion of the Election Commission has been sought by the President under a reference dated 28th February, 2006 under clause (2) of article 103 of the Constitution on the question as to whether Shri Amar Singh has become subject to disqualification for being a Member of Parliament (Rajya Sabha) under sub-clause (a) of Clause (1) of article 102 of the Constitution;

And, whereas, the Election Commission has given its opinion (vide Annex) that the question of alleged disqualification of Shri Amar Singh, raised in the present petition, has now become infructuous as the alleged disqualification, if any, stands removed with retrospective effect by virtue of the Parliament (Prevention of Disqualification) Amendment Act, 2006 (31 of 2006);

Now, therefore, I, A.P.J. Abdul Kalam, President of India, in exercise of the powers conferred on me under clause (1) of article 103 of the Constitution, do hereby decide that Shri Amar Singh has not become subject to disqualification for being a Member of Parliament (Rajya Sabha) on account of his appointment to the office of Chairman of the Uttar Pradesh Development Council, as alleged in the petition.

President of India

27th September, 2006.

[F. No. H-11026 (21)/2006-Leg. II]

Dr. B.A. AGARWAL, Addl. Secy.

ANNEXURE

In re :

Alleged disqualification of Shri Amar Singh, Member of Parliament under Article 102 (1) (a) of the Constitution

Reference Case No. 2 of 2006

[References from the President under Article 103 (2) of the Constitution]

OPINION

This is a reference dated 28th February, 2006, from the President of India, under Article 103 (2) of the Constitution, seeking the opinion of the Election Commission on the question whether Shri Amar Singh has become subject to disqualification for being Member of the Rajya Sabha, under Article 102 (1)(a) of the Constitution.

2. The above mentioned reference arose out of a petition dated 14-2--2006 of Sh. J. N. Shukla, Editor, Aakhir Kab Tak, Lucknow, alleging that Shri Amar Singh (respondent) was appointed as Chairman of the Uttar Pradesh Development Council (UPDC in short), by an office order dated 15-10-2003, issued by the Industrial Development Department of the Government of Uttar Pradesh. The petitioner stated that the said order provided that the respondent would have the status of a Minister and would be entitled to all perks and privileges as per office order No. 14-1-4687 CX(I), dated 22nd March, 1991, of the Confidential Section of the Government of Uttar Pradesh. The petitioner submitted that the office of Chairman of the UPDC is an office under the Uttar Pradesh Govt. and an office of profit within the meaning of Article 102(1)(a) of the Constitution, and hence the respondent had incurred disqualification to be a member of the Rajya Sabha.

3. The Commi ion issued notice to the respondent on 10-3-2006, asking him to file his reply in the matter by 31-3-2006. On 31-3-20(the respondent, through his counsel, filed a short reply stating that the petition was misconceived. The respondent sough urther time of six weeks to file a detailed reply, on the ground that he was seeking certain information and docum ts from the Uttar Pradesh Government. The Commission granted the respondent time upto 24-4-2006 to file further reply)n 24-4-2006, the respondent submitted an application seeking another extension of time to file his reply, on the ground th he was still in the process of collecting more information. Simultaneously, the respondent filed another short reply stat :, inter alia, that the rank of Cabinet Minister, conferred on him was only a decorative status and not for any monetary l iefit. He further stated that he had never drawn any payment or allowances for the office of Chairman of UPDC. Th :ommission considered the request for further extension of time, and allowed time upto 25-5-2006 as the final opportunity owever, no further reply was filed by the respondent. The Commission then fixed a hearing in the matter for 16-6-2006. P ›r to the hearing, a letter dated 20th May, 2006, was received in the Commission on 9th June, 2006, purportedly signed by t petitioner, in which it was stated that by virtue of the Uttar Pradesh Development Council Act, 2006, the UPDC had b› ›me a local authority, that there would be no disqualification and hence he was withdrawing his petition. The petitioner 1 not appear for the hearing on 16-6-06. Shri Pradeep Kumar, learned counsel appeared on behalf of the respondent but re iested for more time to file a detailed reply and sought adjournment of the hearing. He also stated that he needed time to c sider the latest application of the petitioner withdrawing the petition. The Commission adjourned the hearing to 5-7-2006

4. On 12-6-06 ι application was filed by Shri Amar Singh, enclosing a copy of the Uttar Pradesh Development Council Act, 2006. As p Section 3(3) of the said Act, the UPDC is to be deemed to be a local authority for all purposes. The respondent, referring t(iis provision, contended that since the office in question was in a local authority, there was no disqualification attracte ınder Article 102(1)(a).

5. At the hearir on 5-7-06, the petitioner also appeared, and he denied that he had written the above referred letter dated 20-5-2006 purpor ıg to withdraw his petition. He reiterated his contention that the office held by the respondent was an office of profit unde :he Govt. of UP and that the respondent should he declared disqualified. Shri Pradeep Kumar, learned counsel appeari ; for the respondent relied on the UP Development Council Act, 2006, and the provisions therein that the UP Developm t Council would be a local authority and the office of Chairman of the Council would be an honorary office. He co tended that since the said Act had been brought into force with retrospective force, with effect from 15-10-2003 he date on which Shri Amar Singh was appointed to the office of Chairman of the UPDC, there was no disqualification incu ed by the respondent by virtue of holding the said office.

6. In view of th :ontentions about the UPDC being a local authority and the office of Chairman being an honorary position, the Commissi , in order to examine the effect of the said Act, asked the Uttar Pradesh Government, vide letter dated 27-7-2006, to furı h information whether Shri Amar Singh had received any remuneration/facilities as Chairman of the UPDC, prior to the e ıctment of the UP Development Council Act, 2006. As there was no response from the State Govt. for about two weeks, the ommission wrote to them again, on 11-8-2006, asking them to furnish the requisite information by 25-8-2006, positively. T : State Government furnished a reply on 24-08-2006, stating that the respondent had not been paid any honorarium or allo nce and that he was not provided any other facilities as Chairman of UP Development Council.

7. In the mean ile, the Parliament (Prevention of Disqualification) Amendment Act, 2006, amending the Principal Act of 1959, was enacte by the Parliament and notified after the Presidential assent on 18-8-2006. A copy of this Amendment Act was received : ·m the Ministry of Law and Justice on 21-8-2006. By the Amendment Act, the office of Chairman of the Uttar Pradesh De lopment Council, among others, has been declared under Section 3 (k) of the Principal Act, as an office the holder of whi shall not be disqualified for being chosen as, and for being Member of Parliament. This amendment to the Principal A has been brought into force with retrospective effect from 4th April, 1959.

8. The above n ntioned Amendment Act of 2006 has a direct bearing on the present reference case. As mentioned above, the provisions o: lause (k) of Section 3 of the Principal Act of 1959 have been brought into force with effect from 4-4-1959. It is a settled ›sition that under Article 102(1)(a), the Parliament is empowered to declare, with retrospective effect, an office to be an fice the holder whereof shall not be disqualified. The decision of the Supreme Court in Smt. Kanta Kathuria *vs.* M. Manak (:and Surana [1970 (2) SCR 838] upholds this constitutional position. In the past also, the Commission has taken cognizaı e of similar laws passed by the legislatures with retrospective effect, even as enquiry into the references concerned w in progress. In the reference case (No.4 of 1980) regarding alleged disqualification of Sh. Gaya Lal and 23 other members (he Haryana Legislative Assembly, during the pendency of the reference before the Commission, the Haryana State Legis ture amended the Haryana State Legislature (Prevention of Disqualification) Act, 1974, twice by virtue of which the offi : held by the said MLAs were brought under the exempted categories. In that case, the Commission, in its opinion date 21-05-1981 held the view that the disqualifications, if any, stood removed in their cases and the reference became infru uous. Similarly, in a reference case [No. 2(G) of 2005,] relating to alleged disqualification of Shri Mohd. Azam Khan for : :mbership of Uttar Pradesh Legislative Assembly, the State Legislature passed an amendment to the Uttar Pradesh State egislature (Prevention of Disqualification) Act, 1971, during the pendency of the proceedings before the Commission n that matter also, the Commission tendered its opinion to the effect that disqualification, if any, stood removed in view the amended provisions of the law. Again in another recent case [Reference Case Nos. 65(G) to

3190 GI/06-

70 (G) 2006] on the petition of Sh. Y. Mangi Singh regarding alleged disqualification of 6 MLAs of Manipur, the Commission took note of the Amendment Act passed by the Manipur State Legislature, exempting the offices concerned from disqualification, and opined that the reference had been rendered infructuous. The present case is also similar in facts and circumstances to the above referred cases and the amended provisions of law removing the disqualification, if any, in respect of the office of Chairman of the Development Council squarely apply in this case.

9. Having regard to the above constitutional, legal and factual position, the Commission is of the considered view that the question of alleged disqualification of Shri Amar Singh,raised in the present petition, has now become infructuous as the alleged disqualification, if any, stands removed with retrospective effect by virtue of the Parliament (Prevention of Disqualification) Amendment Act, 2006. Accordingly, the reference from the President is returned with the Commission's opinion to the effect that Shri Amar Singh is not subject to disqualification under Article 102(1)(a) on account of his appointment to the office of Chairman of the Uttar Pradesh Development Council.

Sd/-	Sd/-	Sd/-
(S. Y. Quraishi)	(N. Gopalaswami)	(Navin B.Chawla)
Election Commissioner	Chief Election Commissioner	Election Commissioner

Place : New Delhi
Dated : 8th September, 2006

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 अक्तूबर, 2006

का.आ. 1698(अ).—राष्ट्रपति द्वारा किया गया निम्नलिखित आदेश सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है :—

आदेश

श्री मनोरंजन हाजरा, अधिवक्ता, कलकत्ता उच्च न्यायालय और सदस्य, एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता द्वारा राष्ट्रपति को संविधान के अनुच्छेद 103 के खण्ड (1) के अधीन श्री प्रणव मुखर्जी, आसीन संसद् सदस्य (लोक सभा) की अभिकथित निरर्हता के संबंध में तारीख 4 अप्रैल, 2006 की एक याचिका प्रस्तुत की गई है;

और उक्त याची ने यह प्रकथन किया है कि श्री प्रणव मुखर्जी, एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता के प्लानिंग बोर्ड के अध्यक्ष का पद धारण कर रहे हैं जो अभिकथित रूप से लाभ का पद है;

और राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 103 के खण्ड (2) के अधीन तारीख 12 अप्रैल, 2006 के एक निर्देश के अधीन इस प्रश्न के संबंध में निर्वाचन आयोग की राय मांगी गई है कि क्या श्री प्रणव मुखर्जी संविधान के अनुच्छेद 102 के खण्ड (1) के उपखण्ड (क) के अधीन संसद् सदस्य (लोक सभा) होने के लिए निरर्हित हो गए हैं;

और निर्वाचन आयोग के समक्ष इन कार्यवाहियों के लंबित रहने के दौरान, संसद् (निरर्हता निवारण) अधिनियम, 1959 का संशोधन करने के लिए संसद् (निरर्हता निवारण) संशोधन अधिनियम, 2006 संसद् द्वारा अधिनियमित कर दिया गया था और राष्ट्रपति की अनुमति के पश्चात् उसे 18 अगस्त, 2006 को प्रकाशित कर दिया गया था;

और संसद् (निरर्हता निवारण) संशोधन अधिनियम, 2006 की धारा 2 के खण्ड (ii) द्वारा 4 अप्रैल, 1959 से यथा अंत:स्थापित संसद् (निरर्हता निवारण) अधिनियम, 1959 की धारा 3 के खण्ड (त) द्वारा प्लानिंग बोर्ड (एशियाटिक सोसाइटी), कोलकाता के अध्यक्ष के पद को, अन्य पदों के साथ, ऐसे पद के रूप में घोषित किया गया है, जिसको धारक संसद् का सदस्य चुने जाने के लिए और सदस्य होने के लिए निरर्हित नहीं होगा;

और निर्वाचन आयोग ने अपनी राय (उपाबंध द्वारा) दे दी है कि वर्तमान याचिका में उठाया गया श्री प्रणव मुखर्जी की अभिकथित निरर्हता का प्रश्न अब निरर्थक हो गया है क्योंकि अभिकथित निरर्हता, यदि कोई थी, संसद् (निरर्हता निवारण) संशोधन अधिनियम, 2006 के उपबंधों के कारण भूतलक्षी प्रभाव से हट गई है;

अत:, अब, मैं, आ.प.जै. अब्दुल कलाम, भारत का राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 103 के खण्ड (1) के अधीन मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह विनिश्चय करता हूँ कि श्री प्रणव मुखर्जी, एशियाटिक सोसाइटी के प्लानिंग बोर्ड के अध्यक्ष के पद पर उनकी नियुक्ति के कारण, जैसा कि याचिका में अभिकथन किया गया है कि संविधान के अनुच्छेद 102 के खण्ड (1) के उप-खण्ड (क) के अधीन संसद् सदस्य (लोक सभा) होने के लिए किसी निरर्हता के अध्यधीन नहीं है।

भारत का राष्ट्रपति

27 सितम्बर, 2006.

[फा. सं. एच. 11026 (25)/2006-वि. II]

डॉ. ब्रह्म अवतार अग्रवाल, अपर सचिव

उपाबंध

निर्देश :

संविधान के अनुच्छेद 102((क) के अधीन संसद् सदस्य श्री प्रणव मुखर्जी की अभिकथित निरर्हता ।

2006 का निर्देश मामला सं. 40

[संविधान के अनुच्छेद 103(2) के अधीन राष्ट्रपति से निर्देश]

राय

भारत के राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 103(2) के अधीन प्राप्त तारीख 12 अप्रैल, 2006 के इस निर्देश में इस प्रश्न पर निर्वाचन आयोग की राय मांगी गई है क्या श्री प्रणव मुखर्जी संविधान के अनुच्छेद 102(1)(क) के अधीन लोक सभा के सदस्य होने के लिए निरर्हित हो गए हैं ।

2. ऊपर उल्लिखि निर्देश, श्री मनोरंजन हाजरा, अधिवक्ता, कलकत्ता उच्च न्यायालय और सदस्य, एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता की तारीख 4 अप्रैल, 2006 याचिका से उद्भूत हुआ है। याचिका में, याची ने श्री प्रणव मुखर्जी (प्रत्यर्थी) की अभिकथित निर्हता का प्रश्न इस आधार पर उठाया है कि वे यायाटिक सोसाइटी, कोलकाता के प्लानिंग बोर्ड के अध्यक्ष का पद धारण कर रहे थे, जो याची के अनुसार सरकार के अधीन एक लाभ का पद और उसने यह अनुरोध किया कि इस प्रश्न की, इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिए, जांच की जाए ।

3. याचिका में प्र र्ी की उक्त पद पर नियुक्ति की तारीख और नियुक्ति के निबंधन और शर्तों के संबंध में अन्य ब्यौरों से संबंधित आधारभूत जानकारी भी नहीं । इसलिए, आयोग ने 24-4-2006 को याची को, इन पहलुओं पर विनिर्दिष्ट जानकारी प्रस्तुत करने के लिए एक सूचना जारी की। किसी सद की किसी पद पर नियुक्ति की तारीख यह अवधारित करने के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि क्या मामला अनुच्छेद 103(1) के निबंध के अनुसार विनिश्चय के लिए राष्ट्रपति की अधिकारिता के अंतर्गत आता है । उच्चतम न्यायालय के अनेक निर्णयों द्वारा [देखिए निर्वाचन आयो नाम साका वेंकटा राव (एआईआर 1953 एससी 201); बृन्दाबन नायक बनाम निर्वाचन आयोग (एआईआर 1965 एस सी 1892); निर्वाचन आ ोग बनाम एन.जी. रंगा (एआईआर 1978 एससी 1609)] यह सुस्थापित है कि संविधान के अनुच्छेद 103 के अधीन राष्ट्रपति और निर्वाच आयोग केवल ऐसे पदों से संबंधित प्रश्नों की जांच कर सकते हैं, जिन पर संसद् सदस्यों को, ऐसे सदस्यों के रूप में उनके निर्वाचन के पश्चात् नियुक्त किया गया है । याची को इस संबंध में विनिर्दिष्ट सूचना 15-5-2006 तक प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था।

4. याची ने 17-5 2006 को एक उत्तर प्रस्तुत किया, जिसमें एक अस्पष्ट कथन किया गया था कि प्रत्यर्थी को दिसम्बर, 2004 के पश्चात् प्लानिंग बोर्ड के अ क्ष के पद पर नियुक्त किया गया था। इस कथन के समर्थन में, केवल श्री जयपाल रेड्डी, संघ के सूचना और प्रसारण मंत्री के 8 अक्तूबर, 04 को एशियाटिक सोसाइटी में दिए गए भाषण का एक उद्धरण प्रस्तुत किया गया था, जिसमें सोसाइटी के प्लानिंग बोर्ड के पुनर्गठन की आवश्य ता के संबंध में उल्लेख किया गया था। याची ने एशियाटिक सोसाइटी के मासिक बुलेटिन की एक फोटोप्रति भी प्रस्तुत की, जिसमें प्रत्यर्थी क एक फोटो अंतर्विष्ट था और फोटोग्राफ के शीर्षक में प्रत्यर्थी का उल्लेख एशियाटिक सोसाइटी के प्लानिंग बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में किया गय था। तथापि, निर्णायक रूप से यह दर्शित करने के लिए कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया था कि अभिकथित नियुक्ति प्रत्यर्थी के वर्ष 200- के साधारण निर्वाचन में लोक सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचन के पश्चात् की गई थी। चूंकि याची ऐसी अपेक्षित जानकारी प्रस्तुत करने में सम नहीं था, जिससे कि आयोग राष्ट्रपति को अपनी राय प्रस्तुत करने में समर्थ हो सके, इसलिए आयोग ने अपने तारीख 24-7-2006 के पत्र द्व केन्द्रीय सरकार के संस्कृति मंत्रालय को याचिका में उल्लिखित पद पर प्रत्यर्थी की नियुक्ति की तारीख से संबंधित जानकारी 5-8-2006 तक प्र ुत करने के लिए कहा । तथापि, उस मंत्रालय ने कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया ।

5. इस प्रकार जब यह मामला आगे और कार्रवाई किए जाने के लिए आयोग के विचाराधीन था उस समय, 1959 के मूल अधिनियम का संशोधन करने के लिए स द् (निरर्हता निवारण) संशोधन अधिनियम, 2006 संसद् द्वारा अधिनियमित किया गया था और जिसे राष्ट्रपति की अनुमति के पश्चात् 18-8-2 6 को अधिसूचित किया गया था। इस संशोधन अधिनियम की एक प्रति 21-8-2006 को विधि और न्याय मंत्रालय से प्राप्त हुई थी। संशोधन अ नियम द्वारा, अन्य पदों के साथ, एशियाटिक सोसाइटी अधिनियम, 1984 (1984 का 5) की धारा 8 की उप-धारा (1) के अधीन स्थापित प्ला बोर्ड (एशियाटिक सोसाइटी) के अध्यक्ष के पद को मूल अधिनियम की धारा 3(ट) के अधीन एक ऐसे पद के रूप में घोषित किया गया है, सका धारक संसद् सदस्य चुने जाने के लिए और सदस्य होने के लिए निरर्हित नहीं होगा । मूल अधिनियम के इस संशोधन को 4 अप्रैल, 1959 भूतलक्षी प्रभाव देते हुए प्रवृत्त किया गया है ।

6. 2006 के ऊपर उल्लिखित संशोधन अधिनियम का वर्तमान निर्देश मामले से सीधा संबंध है । जैसाकि ऊपर उल्लेख किया गया है, 1959 के मूल अधिनियम की धारा 3 के खंड (ट) के उपबंधों को 4-4-1959 से प्रवृत्त किया गया है । यह सुस्थापित स्थिति है कि अनुच्छेद 102(1)(क) के अधीन, संसद भूतलक्षी प्रभाव से किसी भी पद को ऐसे पद के रूप में घोषित करने के लिए सशक्त है, जिसका धारक निरर्हित नहीं होगा । श्रीमती कान्ता कथूरिया बनाम एम. मानक चंद सुराना [1970(2)एससी आर 838] में उच्चतम न्यायालय का निर्णय इस सांविधानिक स्थिति को मान्य ठहराता है । पूर्व में भी, आयोग ने विधान मंडलों द्वारा भूतलक्षी प्रभाव से पारित ऐसी ही विधियों का संज्ञान किया है जब, संबंधिनिर्देशों के संबंध में जांच चल रही थी । श्री गया लाल और हरियाणा विधान सभा के 23 अन्य सदस्यों की अभिकथित निरर्हता से संबंधित निर्देश मामले (1980 का 4) में, आयोग के समक्ष निर्देश के लंबित रहने के दौरान हरियाणा विधान सभा ने हरियाणा विधान सभा (निरर्हता निवारण) अधिनियम, 1974 का दो बार संशोधन कर दिया, जिसके कारण उक्त विधान सभा सदस्यों द्वारा धारित पदों को छूट प्राप्त प्रवर्गों के अंतर्गत लाया गया था । उस मामले में, आयोग ने अपनी तारीख 21-5-1981 की राय में यह मत व्यक्त किया कि निरर्हताएं, यदि कोई थी, उनके मामलों से हट गई हैं और निर्देश निरर्थक हो गया है । इसी प्रकार, श्री मोहम्मद आजम खान की उत्तर प्रदेश विधान सभा की सदस्यता के लिए अभिकथित निरर्हता से संबंधित निर्देश मामला [2005 का 2(जी)] में, राज्य विधान मंडल ने आयोग के समक्ष कार्यवाहियां लंबित रहने के दौरान, उत्तर प्रदेश विधान सभा (निरर्हता निवारण) अधिनियम, 1971 में एक संशोधन पारित किया । उस मामले में भी आयोग ने अपनी इस आशय की राय दी थी कि निरर्हता, यदि कोई थी, विधि के संशोधित उपबंधों के आधार पर हट गई है । पुन:, हाल ही में एक अन्य मामले [2006 का निर्देश मामला संख्या 65(जी) से 70(जी)] में मणिपुर के 6 विधान सभा सदस्यों की अभिकथित निरर्हता से संबंधित श्री वाई. मांगी सिंह की याचिका पर आयोग ने, संबंधित पदों को निरर्हता से छूट प्रदान करने वाले, मणिपुर राज्य विधान मंडल द्वारा पारित संशोधन अधिनियम को ध्यान में रखते हुए यह राय दी कि निर्देश निरर्थक हो गया है । वर्तमान मामला तथ्यों और परिस्थितियों में ऊपर निर्दिष्ट मामलों के समान ही है और उनकी निरर्हता, यदि कोई थी, को हटाने वाली विधि के संशोधित उपबंध पूर्णरूपेण उनके मामले को लागू होते हैं ।

7. उपर्युक्त सांविधानिक, विधिक और तात्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए, आयोग का सुविचारित मत है कि वर्तमान याचिका में उठाया गया श्री प्रणव मुखर्जी की अभिकथित निरर्हता का प्रश्न अब निरर्थक हो गया है क्योंकि अभिकथित निरर्हता, यदि कोई थी, संसद (निरर्हता निवारण) संशोधन अधिनियम, 2006 के कारण भूतलक्षी प्रभाव से हट गई है। (तदनुसार राष्ट्रपति से प्राप्त निर्देश को संविधान के अनुच्छेद 103 (2) के अधीन भारत निर्वाचन आयोग की इस आशय की राय के साथ राष्ट्रपति को वापस भेजा जाता है कि श्री प्रणव मुखर्जी, उनकी एशियाटिक सोसाइटी के प्लानिंग बोर्ड के अध्यक्ष के पद पर अधिकथित नियुक्ति के कारण जैसा कि याचिका में अभिकथित है, अनुच्छेद 102(1)(क) के अंतर्गत किसी निरर्हता के अध्यधीन नहीं है ।

ह./-	ह./-	ह./-
(एस.वाई.कुरैशी)	(एन. गोपालस्वामी)	(नवीन बी. चावला)
निर्वाचन आयुक्त	मुख्य निर्वाचन आयुक्त	निर्वाचन आयुक्त

स्थान : नई दिल्ली
तारीख : 8 सितम्बर, 2006

NOTIFICATION

New Delhi, the 4th October, 2006

S.O. 1698(E).—The following Order made by the President is published for general information :—

ORDER

Whereas a petition dated the 4th April, 2006 of alleged disqualification of Shri Pranab Mukherjee, a sitting Member of Parliament (Lok Sabha) under clause (1) of article 103 of the Constitution has been submitted to the President by Shri Manoranjan Hazra, Advocate, Calcutta High Court and Member, Asiatic Society, Kolkata;

And, whereas, the said petitioners has averred that Shri Pranab Mukherjee was holding the post of Chairman of Planning Board, Asiatic Society, Kolkata, which is alleged to be an office of profit;

And, whereas, the opinion of the Election Commission has been sought by the President under a reference dated the 12th April, 2006 under clause (2) of article 103 of the Constitution on the question as to whether Shri Pranab Mukerjee has become subject to disqualification for being a Member of Parliament (Lok Sabha) under sub-clause (a) of clause (1) of article 102 of the Constitution;

And, whereas, during the pendency of the proceedings before the Election Commission, the Parliament (Prevention of Disqualification) Amendment Act, 2006, amending the Parliament (Prevention of Disqualification) Act, 1959 was enacted by Parliament and published after the assent of the President on the 18th August, 2006;

